कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – परीक्षा/गोपनीय/2019/2461, दिनांक – 31 जुलाई, 2019

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना (अति आवश्यक)

कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन (Verification) का कार्य सम्पादित किया जा चुका है। उक्त के उपरान्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान के चयन एवं प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 25 जुलाई, 2019 से 29 जुलाई, 2019 तक आयोजित की गयी थी।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय को दूरभाष, ई-मेल आदि माध्यमों से कतिपय अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदन प्राप्त हुए थे जिसमें उल्लेख किया गया था कि उन्होंने बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 उत्तीर्ण करने के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में अपने प्रमाण पत्रों की जाँच निर्धारित जाँच केन्द्रों में करायी थी परन्तु उनका नाम ऑनलाईन काउन्सिलिंग के लिए प्रदर्शित नहीं हो रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न जाँच केन्द्रों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों की जाँच के पश्चात् ऐसे समस्त छूटे हुए अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग हेतु सम्मिलित कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा अपने पोर्टल में अंकित अधिमान अंकों के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किये गये थे उन सभी अभ्यर्थियों के अधिमान अंकों को भी अभिलेखों से सत्यापित कर संशोधित कर दिया गया है। **उपरोक्त के आलोक में बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा 2019 की रैंक लिस्ट संशोधित कर उपरोक्त वर्णित अभ्यर्थियों हेतु काउन्सिलिंग की तिथि को 03 अगस्त, 2019 तक विस्तारित किया जा रहा है। ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनके द्वारा काउन्सिलिंग में प्रतिभाग कर अपने विकल्प ऑनलाईन माध्यम से प्रस्तुत किये जा चुके हैं उन्हें पुनः काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने की आवश्यकता नहीं है।**

अतः बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा-2019 में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन (Verification) करवा लिया है वे दिनांक 03 अगस्त, 2019 की रात्रि 11:59 तक काउन्सिलिंग में प्रतिभाग कर अपने विकल्प ऑनलाईन माध्यम से देना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को काउन्सिलिंग हेतु सम्मिलित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

Sanjay Pant 31/07/19
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि –

1. निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक – 01.08.2019 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –
   - दैनिक जागरण, नैनीताल।
   - अमर उजाला, नैनीताल।
   - दैनिक आज, नैनीताल।
   - राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
   - उत्तर उजाला, नैनीताल।
   - शाह टाइम्स, नैनीताल।
   - हिन्दुस्तान, नैनीताल।
   - उत्तरांचल दीप।
   - न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।
2. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

Sanjay Pant 31/07/19
परीक्षा नियंत्रक